Title: Need to check pollution in Damodar River caused by Central Coalfields Limited, Jharkhand - Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) अध्यक्ष महोदय, कोल इण्डिया के अनुांगी कम्पनी सेन्ट्रल कोलफिल्डस लिमिटेड के विभिन्न कोयला खदानों के द्वारा वनों की कटाई भूमि का अतिक्रमण और ओवर बर्डेन दामोदर नदी में गिराया जा रहा है, जिसके कारण दामोदर नदी पर पानी प्रदूाित हो रहा है और नदी का पानी जहरीला हो गया है। वनों की कटाई से पर्यावरण मानकों का खुला उल्लंघन हो रहा है और प्रदूाण से इस क्षेत्र के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त मामले की जांच सुनिश्चित कर दामोदर नदी के पानी को प्रदूाण से बचाया जाये।